प्रकाश पर्व को लेकर तख्त साहिब में सजा दीवान, शबद-कीर्तन

पटना सिटी (आससे)। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिखों के द्वितीय गुरु अंगद देव जी महाराज

के प्रकाश पर्व को लेकर सोमवार को विशेष दीवान सजा। इससे पहले बीते दो दिनों से अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के खंड पाठ की समाप्ति के बाद सजे विशेष दीवान में कथा वाचक ज्ञानी चरणजीतलं सिंह ने सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा करते हुए कहा कि गुरु महाराज गुरुमुखी लिपि के प्रवर्त्तक थे। इस मौके पर रागी जत्थों में भाई कविंदर सिंह,ज्ञान सिंह, हरभजन सिंह,जगत सिंह,नविंदर सिंह,बिक्रम सिंह ने एक से बढ़कर एक शबद-कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों का मन जीत लिया।. विशेष दीवान की समाप्ति तख्त के साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास, हुक्मनामा शास्त्र दर्शन कराकर संगतों को निहाल किया।. आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारक व संगत शामिल हुई.विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चला. बाल लीला गुरुद्वारा में भी बाबा गुरबिंदर सिंह की देखरेख में अरदास व धार्मिक आयोजन हुए।

सर्वार्थ सिद्धि योग व रोहिणी नक्षत्र में कल अक्षय तृतीया

पटना (आससे)। सनातन धर्म में वैशाख मास को पुण्य मास माना गया है। इस मास में श्रीहरि के साथ माता लक्ष्मी की असीम कृपा बरसती है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में अक्षय तृतीया को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध मुहूर्त माना जाता है। सनातन धर्मावलंबियों के वैशाख मास के प्रमुख पर्व अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को रोहिणी नक्षत्र व शोभन योग में मनाया जायेगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का भी सुयोग रहेगा। इस दिन

श्रीहरि के संग मां लक्ष्मी की बरसेगी असीम कृपा

स्नान-दान,व्रत,पूजा-पाठ,धार्मिक अनुष्ठान,शुभ कार्य आदि करने से सहस्त्र गोदान का पुण्य एवं अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन गंगा,गंडक,कमला,कौशिकी,बागमती नदी,सागर व तीर्थ में स्नान से कई गुना पुण्यफल प्राप्त होते हैं।

दान-पुण्य का महापर्व है अक्षय तृतीया

ज्योतिष विद्वान आचार्य राकेश झा ने बताया कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धालु श्रीहरि विष्णु,माता लक्ष्मी व गौरी की पूजा करेंगे। इस दिन भगवान नारायण व लक्ष्मी माता को कमल पुष्प,श्वेत फूल,इत्र,अभ्रक, खीर का भोग,घी का दीपक आदि से पूजा के बाद श्रीसूक्त,कनकधारा का पाठ करने से अक्षय पुण्य लाभ व वैभव,ऐश्वर्य की कामना जल्द पूर्ण होती है। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सत्तू, जल, गुड़, छाता, चरण पादुका, अन्न, ऋतुफल, चना, दूध, दही, भोजन सामग्री, वस्त्र आदि का दान एवं बेजुबानों को खाने-पीने की वस्तु देने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है और वो

हमेशा अक्षुण्ण रहता है। इस तिथि को दान-पुण्य का महापर्व कहा जाता है।

स्वर्ण की खरीदी से अक्षय लाभ

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रह-नक्षत्रों के शुभ संयोग,शुभ योगों के महासंयोग, सर्वसिद्ध मुहूर्त व अबूझ मुहूर्त में स्वर्ण, मोती,रत्न,स्थिर संपत्ति आदि खरीदने से जातक के जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इस दिन स्वर्ण, रजत, धातु, रत्न व अन्य शुभ वस्तुओं की खरीदारी करना बेहद शुभ होता है। उसके कोषागार में सदैव धन्य-धान्य की वृद्धि होती है। इससे घर में सुख-समृद्धि, संपन्नता में वृद्धि, अक्षय लाभ व लक्ष्मी माता का वास होता है। इसके अलावा स्वर्ण की तुलना सूर्य से की जाती है। अक्षय तृतीया पर सूर्य देवता सबसे तेज चमकते हैं। इसीलिए सोना खरीदना शक्ति, शौर्य, प्रखरता व ताकत में वृद्धि दिलाता है। सोने को हमेशा से बहुमूल्य धातु व धन-समृद्धि का प्रतीक माना गया है। इसलिए अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना गया है।

परशुराम जयंती भी इसी दिन

अक्षय तृतीया के दिन ही मां रेणुका के गर्भ से भगवान विष्णु के षष्टम अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव भी मनाया जायेगा। वे सात चिरंजीवियों में से एक हैं। अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च विभीषण:। कृप: परशुरामश्च सप्तैते चिरंजीविन:। इसलिए इस तिथि को चिरंजीवी तिथि भी कहा जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार इसी दिन सतयुग व त्रेता युग का आरंभ तथा महाभारत का अंत हुआ था। इसी दिन मां गंगा का अवतरण इस धरा धाम पर हुआ था। अक्षय तृतीया के हीं दिन भगवान बद्रीनाथ और केदारनाथ के कपाट खोले जाते हैं।

मिट्टी का पात्र स्वर्ण के बराबर देगा फल

पूजा व खरीदारी का शुभ मुहूर्त

तृतीया तिथि-शाम 06:05 बजे तक
रोहिणी नक्षत्र-रात्रि 08:16 बजे तक
लाभ-अमृत योग-प्रात: 05:15 बजे से 08=31 बजे तक
शुभ योग मुहूर्त-सुबह 10:09 बजे से 11:47 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त-दोपहर 11:21 बजे से 12:13 बजे तक
चर-लाभ मुहूर्त-शाम 03:03 बजे से 06:19 बजे तक

वैदिक पंडित गजाधर झा ने बताया कि शास्त्रों में भारत भूमि की तुलना स्वर्ण से बढ़कर बतायी गयी है। अक्षय तृतीया के दिन मिट्टी का पात्र,मिट्टी का दीपक,कसोरा,कलश की खरीदारी करने से भी स्वर्ण के बराबर शुभ फल देगा। इसके अलावा इस दिन पीला सरसों, कपास, हल्दी, कमलगट्टा, धनिया, कौरी की खरीदारी करना शुभ होता है।

दिल्ली से चुरायी गयी क्रेटा पटना से बरामद

पटना (निप्र)। रूपसपुर थाना की पुलिस ने दिल्ली से चुरायी गयी चारपहिया वाहन क्रेटा को बरामद करते हुए एक युवक संजय कुमार साकिन धन्नोत को धरदबोच है जो चोरी के क्रेटा का इस्तेमाल कर रहा था। इस बाबत दानापुर एएसपी भानु प्रताप ने बताया कि रूपसपुर थाना की पुलिस को सूचना मिली की शर्मापथ स्थित एक अपार्टमेंट के पास से एक क्रेटा कार नबर बीआर०७एबी ४२९७ विगम तीन दिनो से लावारिस हालत में खडी है। इस सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुच कार की जांच की गयी तो जानकारी मिली की जो नंबर कार मे लगी है वह फर्जी है। कार के इंजन और चेचिस नंबर की जब जांच की गयी तो पता चला की यह कार दिल्ली के पंजाबी बाग से चोरी हुई थी।

पूछताछ के क्रम मे संजस ने बताया कि वह वह अपने दोस्तो के साथ चोरी की गाडी से शराब तस्करी का काम करता था। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार संजय के अन्य दोस्तो की पहचान कर ली गयी है उनकी गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापामारी की जा रही है।

SIS
A Market Leader in Security, Cash Logistics & Facility Management
Group Enterprises

SIS LIMITED

Corporate Identity Number (CIN): L75230BR1985PLC002083
Registered Office: Annapoorna Bhawan, Telephone Exchange Road, Kurji, Patna 800 010
Tel: +91 612 226 6666 | **E-mail:** shareholders@sisindia.com
Website: www.sisindia.com

POSTAL BALLOT NOTICE

The members of SIS Limited (**"Company"**) are hereby informed that pursuant to Sections 108, 110 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013 (**"Act"**) read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and the Secretarial Standard on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India, as amended from time to time, read with the General Circular Nos. 14/2020, dated April 8, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020, and subsequent circulars issued in this regard, the latest being General Circular No. 09/2024 dated September 19, 2024, issued by the Ministry of Corporate Affairs (**"MCA"**) (here in after collectively referred to as **"MCA Circulars"**) and Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, (**"SEBI Listing Regulations"**), the Company seeks approval of the Members to transact the business, as set out in the Postal Ballot Notice (**"Notice"**) dated March 25, 2025, by way of electronic means (i.e. remote e-voting only).

In compliance with the MCA Circulars, the Company has sent the Notice on April 28, 2025,only through electronic mode to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company/Depositories and whose names are recorded in the register of members or in the registerof beneficial owners maintained by the National Securities Depository Limited and Central Depository Services (India) Limited (**"Depositories"**) as on Friday, April 25, 2025 **(the "Cut-off date").**

The Notice is available on the website of the Company, **(www.sisindia.com)**, on the website of Central Depository Services (India) Limited (**"CDSL"**), **(www.evotingindia.com)**, and at the relevant sections of the websites of the stock exchanges on which the Equity Shares of the Company are listed i.e., National Stock Exchange of India Limited and BSE Limited.

In terms of the provisions of Sections 108 and 110 of the Act and the relevant rules made there under, Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations and MCA Circulars, the Company is providing an e-voting facility for its Members to enable them to cast their votes electronically on the resolution set forth in the Notice. The Company has engaged the services of CDSL for the purpose of providing e-voting facility to its members. Members are requested to carefully read the instructions indicated in the Notice and communicate their assent (for) or dissent (against) through e-voting only.

Members are requested to note that e-voting shall commence from Tuesday, April 29, 2025 (from 9:00 A.M. IST) and will end on Wednesday, May 28, 2025 (at 05:00 P.M. IST). Members are requested to refer to e-voting instructions in the Notice regarding the process and manner for e-voting. The voting rights of the Members shall be in proportion to their shareholding in the paid-up equity share capital as on the Cut-off date. A person who is not a member as on the Cut-off date should treat this notice for information purposes only. The e-voting module shall be disabled by CDSL for voting after 05:00 P.M. IST on Wednesday, May 28, 2025.

To facilitate members receiving this Notice electronically, members who have not yet registered/ updated their email id, are requested to do so in the manner mentioned below:

a. Members holding shares in physical form are requested to send an email to the Company/RTA email ID, providing the details of their folio number, email address, mobile number, a copy of the share certificate, PAN (self-attested scanned copy of PAN card) and AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card).

b. Members holding shares in dematerialised form are requested to register/ update their email ID with their respective Depository Participants with whom their demat account(s) are maintained. Alternatively, members may send a request to the Company/RTA email id along with a scanned copy of the signed request letter, providing the email address, mobile number, self-attested PAN copy and Client Master copy.

The Board of Directors has appointed Mr. Sudhir V Hulyalkar (FCS No. 6040, CP No. 6137), Company Secretary in Practice, as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot through remote e-voting process in a fair and transparent manner.

The result of the Postal Ballot will be declared by the Chairman or any other authorised person of the Company on or before Friday, May30, 2025 and communicated to the Stock Exchanges andDepositories. It will also be displayed on the Company's website at **www.sisindia.com** and on the website of CDSL at **www.evotingindia.com**.

Any grievances relating to Postal Ballot through e-voting can be addressed to Ms. Pushpalatha K, Company Secretary at 106, 1st Floor, Ramanashree Arcade, 18, M.G.Road, Bangalore, Karnataka – 560 001, India, Telephone: +91 80 2559 0801 or through e-mail at **shareholders @sisindia.com**.

In case of queries relating to voting by electronic means, please refer to the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at **www.evotingindia.com** under the help section or write an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or contact Mr. Rakesh Dalvi (022-23058542/43).

Date: April 28, 2025
Place: Bangalore

For SIS Limited
Sd/-
Pushpalatha Katkuri
Company Secretary

ट्रेनों में यात्रियों के मोबाईल तथा जेवर चुरानेवाले गिरफ्तार

पटना (आससे)। रेल परिक्षेत्र में मोबाईल चोरी, लैपटॉप चोरी, चैन स्नैचर, अटैची लिफ्टर, अवैध मादक पदार्थ एवं

अन्य अपराधों के रोकथाम हेतु रेल पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा किउल से पटना तक 13121 गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस में चेकिंग करते हुये पटना तक आ रहे थे। इस क्रम में कोच संख्या एस 3 के सीट नं0 13 पर यात्रा कर रहे यात्री श्याम बहादुर साह के पॉकेट से इनका मोबाईल निकालकर एक व्यक्ति तेजी से भागने लगा। चोर.चोर का हल्ला करने पर उक्त टीम के द्वारा उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम ननकी पासवान बताया। जमा तलाशी लिये जाने के क्रम के इनके पास से कुल 04 स्क्रीन टच मोबाईल बरामद किया गया। उक्त सभी मोबाईल के संबंध में पूछने पर बताया गया कि किसी यात्री का है जो ट्रेन में चोरी किये है। वहीं दूसरी ओर आशा देवी अपनी छोटी बहन को रेलवे स्टेशन दानापुर के प्लेटफार्म सं0.03 पर गाड़ी सं0.13249 पटना भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस में बैठा दिये। गाड़ी खुलने के उपरांत इनकी छोटी बहन के द्वारा दूरभाष के माध्यम से बताया गया कि एक महिला जो पीला रंग का साड़ी पहने हुये गोद में बच्चा लिये हुये है उसके द्वारा बैग का चेन खोलकर सभी सोने व चोंदी का जेवरात एवं नगद रुपया निकाल लिया गया है। इनके द्वारा घटना के संबंध में सूचना जीआरपी एवं आरपीएफ को दिया गया। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी का अवलोकन कर उक्त महिला को चिन्हित कर छापामारी करते हुए दानापुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण तरफइन्टर

चार स्क्रीन टच मोबाइल, दो जोड़ा पाजेब, आठ बिछिया, एक जोड़ा बाला और 15 हजार 5 सौ रुपये बरामद

महाविद्यालय के पास से पकड़ा गया। पकड़ायी महिला से पूछताछ के कम में अपना धनबाद निवासी लाली बतायी। विधिवत तलाशी के कम में उक्त महिला के पास से चोरी गये 02 जोड़ा पौजेब चाँदी का, 08 अद् बिछिया, 01 जोड़ा बाला छोटा बच्चा का नगद 15500 रुपया बरामद किया गया।

रेलकर्मी के घर से 10 लाख के गहने और नकदी ले गये चोर

पटना (निप्र)। दीघा थाना क्षेत्र में चोरों ने रेलकर्मी के घर में बड़ी सेंधमारी की है। इस दौरान चोरों ने रेलकर्मी के घर से लगभग 10 लाख रूपये के गहनों, नगदी समेता अन्य सामान की चोरी की है। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

दीघा थाना क्षेत्र के शांति बिहार कॉलोनी रोड नंबर 27 से जुड़ा है। यहां रहने वाले नीरज कुमार ने बताया कि वह फाइनेंस कंपनी से जुड़े हैं, उनकें भाई रेलवे के विजिलेस में काम करता है। सभी का परिवार एक साथ ही रहता है। बताया जा रहा है कि नीरज घटना वाले दिन 26 अप्रैल को घर में अकेले थे रात्रि लगभग 1 बजे तक जागे हुए थे, उसके बाद वो अपने कमरे में जाकर सो गए। सुबह जब पीड़ित की भाभी पूजा के लिए फूल तोड़ने बगीचे में पहुंची तो देखा कि खिड़की का ग्रिल उखड़ा हुआ है।

किसी अनहोनी की आशंका से भाभी ने जोर जोर से आवाज लगाई। पीड़ित नीरज कुमार को उठाया और खिड़की के ग्रिल के बारे मे बताया जिसके बाद नीरज भाग कर दूसरे कमरे में पहुंचे जहां कमरे में सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था।

अलमीरा का लौकर टूटा पड़ा है। पीड़ित की माने तो उनके परिवार के 10 लाख के जेवरात अलमारी में रखे थे जिसे चोर ले भागे है। फिलहाल घटना की सूचना दीघा थाना को दी गई जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर वहां का सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाला है जिसमे 4 से पांच की संख्या में नकाब पहने शातिर चोर दिखे है फिलहाल इस मामले की तहकीकात जारी है।

पुलिस गिरफ्त में आया कार चालक निकला व्यवसायी का बेटा

पटना (निप्र)। कोतवाली थाना इलाके में रविवार की रात्री नौ बजे एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने कई गाडियो में धक्का मारते हुए सात से आठ लोगो को घायल की दिया था। उग्र लोगो ने इनोवा कार चालक को पकड पिटायी कर पुलिस के हवाले कर दिया था। आरोपी युवक की पहचान पटना के व्यवसायी गौतम टिकपानी के पुत्र सुयेश गौतम टिकपानी के रूप मे किया गया है। हालाकि पुलिसकहिरासत में सुयेश का इलाज चल रहा है। पुलिसिया पूछताछ के दौरान सुयेश टिकपानी ने बताया कि रविवार की रात्री एनर्जी पार्क से फुटबॉल खेलकर अपने घर लौट रहा था। चिडियाखाना के पास मैने अपना दिमागी सतुलन खो दिया। उसने बताया कि वह उसे पता ही चला की वह कहॉ जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सुयेश ने अपने दिये गये बयान मे बताया कि जब वह पटना उच्च न्यायालय के समीप पहुचा तब उसकी गाडी एक कार से टकरायी जब उसे होश आया। इसके बाद भागने के दौरान उसकी इनोवा कार दूसरी गाडी से टकरायी। वही मौके मौजूद लोगो ने उसकी जमकी पिटाई कर दी। सुयेश ने पुलिस को बताया कि मारपीट के दौरान उसकी सोने की चेन और पर्स लूट लिया गया। इस संबंध मे भी प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं.: 82/2025

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी** का संचलन निम्नवत किया जायेगा:-

गाड़ी सं. 02270/02269 लखनऊ-छपरा-लखनऊ ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 02270 लखनऊ से प्रतिदिन मंगलवार छोड़कर दिनांक 29-04-2025 से दिनांक 11-07-2025 तक
गाड़ी सं. 02269 छपरा से प्रतिदिन मंगलवार छोड़कर दिनांक 29-04-2025 से दिनांक 11-07-2025 तक

02270 लखनऊ-छपरा		स्टेशन	02269 छपरा-लखनऊ	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	14:15	लखनऊ	06:30	--
16:05	16:07	सुल्तानपुर	04:48	04:50
18:20	18:25	वाराणसी	02:30	02:35
19:33	19:35	गाजीपुर सिटी	00:59	01:01
20:23	20:25	बलिया	00:05	00:07
20:55	20:57	सुरेमनपुर	23:35	23:37
21:30	--	छपरा	--	23:00

रेक संरचना: वन्देभारत रेक-08=कुल **08** कोच।
मुजाधि/टी-10 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सोमवार को पटना में सूर्यास्त के समय का अद्भुत नजारा। छाया : संतोष

पात्रता में निहित है विश्व नृत्य दिवस की थीम की सार्थकता : सुदीपा

पटना (आससे)। आज २९ अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस है। न्त्य गुरूओं एवं नृत्य के छात्र-छात्राओं के लिए नृत्य दिवस को समारोह पूर्वक मनाने का अवसर। नृत्य विषयक सभा, सेमिनार, व्याख्यान, प्रदर्शन, प्रोत्साहन और नृत्य में उपलब्धियों को सम्मानित करने का अवसर लेकर आता है विश्व नृत्य दिवस। सन् १७२७ से १८१० के बीच आधुनिक बैलेट के जनक जेन जार्ज नोबेरे की याद में विश्व भर में आयोजित होनेवाला विश्व नृत्य दिवस की धूम राजधानी पटना में भी दिखेगी भारतीय नृत्य कला मंदिर में।

इस वर्ष विश्व नृत्य दिवस का थीम है सबके लिए नृत्य। इसके अंतर्गत नृत्य का आनन्द, नृत्य में लय और ताल का सामंजस्य, नृत्य के प्रति जुनून और गतिशीलता के बारे में सांसकृतिक समझ विकसित करने और रचनात्मक नृत्य को प्रोत्साहित करने की भावना व्यक्त की गयी है। विश्व नृत्य दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी में सौ से अधिक छात्राओं और छात्रों को भरतनाट्यम में शिक्षा प्रशिक्षण देने में सक्रिय, धार्मिक, सांस्कृतिक विषयों पर नृत्य रचना कर चुकी नृत्यांगना, कोरियोग्राफर एवं नृत्य गुरू सुदीपा घोष ने विश्व नृत्य दिवस की थीम की सार्थकता के बारे में कहा कि डांस फॉर ऑल थीम वर्तमान में अत्यंत प्रासंगिक है। नृत्य में जहां शारीरिक मानसिक और संवेगात्मक तीनों प्रकार का फिटनेस है। थीम से जो अपेक्षा की गयी है उसकी सार्थकता नृत्य के लिए निर्धारित दस प्रकार की पात्रता में निहित है। इस पात्रता के बारे में शास्त्र वचन है- जव: स्थिरत्वं रेखा च भ्रमरी दृष्टिश्रम:। श्रद्धा मेधा वचो गीतम् पात्र प्राणा दशस्मृता: अर्थात् स्फूर्ति, स्थिरता, रेखा अर्थात शरीर का सीधा रहना, भ्रमरी अर्थात शरीर को अपने स्थान पर चक्कर में संतुलित रख्ना, दृष्टि, श्रमशक्ति, श्रद्धा, मेधाशक्ति, वाकपटुता और गीत चेतना ये नृत्य के अभ्यासियों को नृत्यकला का पात्र बनाता है। जिसमें इस पात्रता का अभाव है वह न तो नृत्य का आनन्द महसूस करता न नृत्य के प्रति उसमें जुनून होता न नृत्य अभ्यास में अपेक्षित गतिशीलता होती न नृत्य संबंधी सांस्कृतिक समझ होती है। नृत्य दिवस हम सभी नृत्य गुरूओं को अपने सानिध्य में नृत्य का अभ्यास करने वाली नवोदित प्रतिभाओं का नृत्य के लिए आवश्यक पात्रता को धारण करने हेतु प्रेरित करने का पावन दिवस है नृत्य दिवस भारतीय नृत्य कला मंदिर में दिखेगा २९ अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस का मुख्य आकर्षण जहां कला मंदिर के भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी नृत्य तथा लोकनृत्य विभाग के नृत्य गुरूओं और प्रशिक्षु नवोदित प्रतिभाओं की प्रस्तुति होगी वही कला, संसकृति एवं युवा विभाग द्वारा आमंत्रित भरतनाट्यम कलाकार बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव, नृत्यांगना डा. एन. विजय लक्ष्मी और कोलकाता की सोमा मंडल तथा कथक नृत्य कलाकार विद्या लाल की प्रस्तुति से भी रूबरू होगी नृत्य की नयी पीढ़ी।लाल की प्रस्तुति से भी रूबरू होगी नृत्य की नयी पीढ़ी।

बाल विद्या निकेतन

पटेल नगर जहानाबाद, कसवां, सुकूलचक (कड़ौना), दीदारगंज (पटना सिटी)

में सत्र में वर्ग नर्सिंग से लेकर नवम् एवं 11वीं का नामांकन प्रारंभ

सम्पर्क दूरभाष संख्या

जहानाबाद : 94312 26080, 8409002111
कसवां : 9835358888, 9931500568
सुकुलचक : 6203212498, 9431476603
दीदारगंज (पटना सिटी) : 6203212498, 9431476603

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025
D.E.C.E. (L.E.)-2025

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2025/04 दिनांक- 27.04.2025

नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

सर्व साधारण एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [DECE(LE)]-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2025/03 दिनांक- 16.04.2025 के अनुसार DECE(LE)-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration and Payment की अंतिम तिथि 24.04.2025 निर्धारित था। **छात्रहित में DECE(LE)-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **04.05.2025**
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **05.05.2025**
(iii) Online Editing of Application Form : **07.05.2025 to 08.05.2025**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **20.05.2025**
(v) Proposed Date of Examination : **01.06.2025**

(2) दिनांक 05.05.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को निदेश दिया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक